राजस्थान सरकार
स्वैच्छिक क्षेत्र विकास केन्द्र
योजना भवन, जयपुर

क्रमांक प.1 (1) स्.क्षै.वि.के. / आयो / 22/9 दिनांक 24/03/2022

परिपत्र

माननीय मुख्यमंत्री महोदय की अध्यक्षता में स्वैच्छिक क्षेत्र विकास परिषद् कार्य कर रही है। परिषद की प्रतिनिधि संस्था के रूप में महामहिम राज्यपाल महोदय की आज्ञा से राजस्थान सरकार द्वारा स्वैच्छिक क्षेत्र विकास केंद्र की स्थापना की गयी है। इस केंद्र का मुख्य उद्देश्य स्वैच्छिक संगठन क्षेत्र में पारदर्शिता, जवाबदेही और सुशासन (Good Governance) को प्रोन्नत करने के साथ ही स्वैच्छिक संगठनो की प्रथम बार मान्यता प्रक्रिया / नवीनीकरण की प्रक्रिया का प्रबंधन कर लागू करना शामिल है। इस हेतु स्वैच्छिक क्षेत्र की संस्थाएं (NGO / TRUST / FOUNDATION etc.) जो कि केंद्र / राज्य सरकार द्वारा किसी भी तरह का अनुदान / सहायता प्राप्त कर रहे हैं या राजस्थान में कार्य कर रहे हैं, का भविष्य में राजस्थान में कार्य करने के लिए स्वैच्छिक क्षेत्र विकास केंद्र से अधिस्वीकरण आवश्यक है।

माननीय मुख्यमंत्री महोदय की मंशा के अनुरूप जनकल्याणकारी योजनाओ / नीतियो के शत प्रतिशत प्रभावी क्रियान्वयन हेतु यह अपेक्षित है कि सभी स्वैच्छिक क्षेत्र की संस्थाओ (NGO / TRUST / FOUNDATION etc.) का स्वैच्छिक क्षेत्र विकास केंद्र, जयपुर में अधिस्वीकरण आवश्यक है। राज्य सरकार के सभी विभागों / बोर्ड / निगमों द्वारा स्वैच्छिक क्षेत्र की संस्थाओ को कार्य प्रदान करने से पूर्व उन सभी से स्वैच्छिक क्षेत्र विकास केंद्र (VSDC) की मान्यता / अधिस्वीकरण प्रमाण–पत्र प्राप्त करें। **राजस्थान सरकार द्वारा जारी स्वैच्छिक क्षेत्र संबंधी नीति में दिये गये निर्देशों की अनुपालना में स्वैच्छिक क्षेत्र विकास केंद्र (VSDC) की मान्यता / अधिस्वीकरण प्रमाण–पत्र के बिना किसी भी विभाग द्वारा स्वैच्छिक क्षेत्र की संस्थाओ (NGO / TRUST / FOUNDATION etc.) को कार्य / अनुदान आंवटन नहीं किया जावें।** इस हेतु सभी विभागाध्यक्ष अपने स्तर पर तदनुसार निर्देश जारी कर अपने संबधी विभाग / कार्यालयों से उक्त निर्देशों की पालना सुनिश्चित करावे एवं की गई कार्यवाही से इस केन्द्र को अवगत करावे।

24/3/22
(मुमताज मसीह)
अध्यक्ष

अति. मुख्य सचिव / प्रमुख शासन सचिव / शासन सचिव
समस्त, राजस्थान सरकार

कार्यालय: 223, द्वितीय मंजिल, योजना भवन, जयपुर – 302005
दूरभाष : 0141 2923387 ई–मेल :– ceo.vsdc@gmail.com